ये प्रभु का ही वरदान है

ये प्रभु का ही वरदान है,
माँ पिता मेरे भगवान है,
सारा जीवन है अर्पण तुम्हे,
आप में ही मेरे प्राण है,
ये प्रभू का ही वरदान है....

जब ये आंखे खुली,
माँ का चेहरा दिखा,
उसकी छाया में ही,
मैने चलना सिखा,
जब कभी भी प्रभु,
के दर्शन किए,
मेरी माँ का ही चेहरा,
उनमे दिखा,
कोई अच्छे किए है करम,
इस घर में मिला जो जनम,
छाया होगी ना तेरी जुदा,
हो अमावस हो चाहे पूनम,
ये प्रभू का ही वरदान है....

वो पिता है मेरे,
ऋण जिनका अपार,
हँसते हँसते लिया,
सारे कष्टों का भार,
पुंजी उनकी ही है,
मेहनत और लगन,
ज्ञान हमको दिया,
निखरा सारा जीवन,
माँ पिता ऐसे जिनको मिले,
वो तो सबसे सुखी प्राणी है,
धन की कोई जरुरत नहीं,
वो तो ऐसे ही धनवान है,
ये प्रभू का ही वरदान है.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25673/title/ye-prabhu-ka-hee-vardaan-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |